आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अपने चंबा दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न योजनाओं का करेंगे शिलान्यास।
- देशभर में अब तक लगाए गए लगभग साढ़े 5 करोड़ स्मार्ट प्री–पेड बिजली मीटर–हिमाचल के सभी 28 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य।
- राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम योजना जनजातीय जिला किन्नौर के बुनकरों को सशक्त करने और आय बढ़ाने में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका
- सुजानपुर का चार दिवसीय प्रसिद्ध राष्ट्र स्तरीय होली मेला आज से शुरू।

किरेन रिजिजू

केंद्रीय संसदीय कार्य व अल्पसंख्यक मामले मंत्री किरेन रिजिजू चंबा जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज भंजराडू में आई.टी.आई भवन व खेल स्टेडियम और सलूणी में इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले कल उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश विशेषकर चम्बा जिले के विकास के लिए विशेष बजट और स्कीमें आवंटित की गई हैं, जो आम लोगों के दैनिक जीवन को सुगम बनाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों की मदद के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली से मिलने वाली मदद निरंतर जारी है और राज्य सरकार को अपने प्रबंधन की क्षमता में भी सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों की जरूरतों और उनके धार्मिक स्थलों के विकास के लिए मंत्रालय हर संभव कदम उठाएगा।

श्रीपद येसो नाइक

विद्युत और नवीन व नवीनकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्रीपद येसो नाइक ने कहा है कि पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना –आर डी एस एस के तहत देश भर में लगभग साढ़े 5 करोड़ स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी अब तक आठ लाख स्मार्ट मीटर लगे हैं और राज्य में सभी 28 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। श्रीपद येसोनाइक ने कहा कि केंद्र सरकार का इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य विद्युत प्रणाली में तकनीकी व वाणिज्यिक हानियों का कम करना , डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाना, और बिलिंग शुद्धता में सुधार करना है। योजना के तहत राजस्व और परिचालन दक्षता में सुधार के लिए 20 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय इस बात पर जोर देता है कि यह बदलाव विद्युत क्षेत्र को भारत के पहाड़ी राज्यों सहित हर राज्य में प्रतिक्रिया शील से उत्पादक,

स्मार्ट नेटवर्क में बदल देगा। उन्होंने विद्युत भार से निपटने के लिए तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने पर जोर दिया।

## राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम

भारत सरकार की राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम योजना जनजातीय जिला किन्नौर के बुनकरों के लिए मील का पत्थर हो रही है। उद्योग केन्द्र किन्नौर के महाप्रबंधक गुरु लाल नेगी ने बताया कि इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को हथकरघा स्थापना पर 90 प्रतिशत तक सरकारी अनुदान दिया जाता है, जबकि लाभार्थी को केवल 10 प्रतिशत राशि स्वयं वहन करनी होती है।

## होली उत्सव

हमीरपुर जिले के सुजानपुर में राष्ट्रस्तरीय होली उत्सव आज से शुरू हो रहा है जो 4 मार्च तक चलेगा। इस उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए आयोजन समिति ने जहां नई गतिविधियां शाामिल की हैं वहीं उत्सव की सांस्कृतिक संध्यााओं में पंजाबी और हिमाचली कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने बताया कि पहली सांस्कृतिक संध्या में आज बब्बू मान और हिमाचल प्रदेश पुलिस के मशहूर आर्केस्ट्रा हारमनी ऑफ पाइन्स के अलावा कई हिमाचली कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं कल दूसरी संध्या में पंजाबी गायक  मनकीरत औलख दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी मेले के आकर्षण का केन्द्र होंगी।

## आग्रह रैली

प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश भर में क्लस्टर सिस्टम सहित विभिन्न मांगों को लेकर आज एक आग्रह रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला के चौड़ा मैदान में आज प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा एक रैली निकाली जा रही है जिसमें जिला भर के कई शिक्षक भाग लेंगे।

## समग्र शिक्षा

समग्र शिक्षा के अंतर्गत चम्बा जिले के शिक्षा खंड हरदासपुरा समानी कोठी में खंड स्तर पर कल एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड के 38 विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित सामग्री की  प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

टी20 क्रिकेट विश्व

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज वेस्टइंडीज से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन ग्रार्डन में खेला जाएगा। इस मैच का नतीजा टूर्नामेंट में भारत का भविष्य तय करेगा। वहीं, दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे खेला जाएगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–विधानसभा क्षेत्र से इस बार एक ही नई योजना दे सकेंगे विधायक–मरम्मत एवं रखरखाव के लिए चार–चार योजनाएं भेजने का प्रावधान।

पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–अगले 8 माह में सभी मैडीकल कॉलेजों में उपलब्ध होगी विश्व स्तरीय तकनीक। दैनिक जागरण के शब्द हैं–8 माह में सभी मेडिकल कॉलेजों में देंगे उच्चस्तरीय सुविधाएं।हिमाचल दस्तक की एक खबर है– कांग्रेस हाईकमान राज्यसभा प्रत्याशी बाहर से उतारने के मूड में–उम्मीदवार तय करने के लिए आज दिल्ली जाएंगे सीएम सुक्खू, 5 मार्च तक नामांकन।

केंद्र के 294 करोड़ 10 लाख से दूर होगी मंडी कुल्लू एन.एच की सालों की कठिनाई शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है– पंडोह–कुल्लू सेक्शन के तहत आते थलौट क्षेत्र में भूस्खलन की समस्या का होगा समाधान।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू अपने चंबा दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न योजनाओं का करेंगे शिलान्यास।
- देशभर में अब तक लगाए गए लगभग साढ़े 5 करोड़ स्मार्ट प्री–पेड बिजली मीटर–हिमाचल के सभी 28 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य।
- राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम योजना जनजातीय जिला किन्नौर के बुनकरों को सशक्त करने और आय बढ़ाने में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका
- सुजानपुर का चार दिवसीय प्रसिद्ध राष्ट्र स्तरीय होली मेला आज से शुरू।